तापमान

अधिकतम 37 डिग्री

न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 4 अप्रैल 2024

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर


4 21 लाख के नाली निर्माण का प्रस्ताव



## खबर संक्षेप

### शगुन गार्डन में किसान सम्मेलन आज

**बैकुण्ठपुर।** स्वराज ट्रैक्टर के 50 वर्ष एवं लवली मोटर्स के 10 वर्ष पूरे होने पर वाहन में अखंड ज्योति मशाल निकाली जाएगी। इस संबंध में लवली मोटर्स के संचालक चन्द्रभान पाण्डेय ने बताया कि 4 अप्रैल की सुबह 10 बजे से अखंड ज्योति मशाल के साथ में किसान रैली निकाली जाएगी। उक्त रैली लवली मोटर्स भॉड़ी बैकुंठपुर से निकलेगी, जो खॉड़ा, जमगहना, कसरा, कंचनपुर होते हुए अपने कार्यक्रम स्थल शगुन गार्डन पहुंचेगी। कार्यक्रम स्थल शगुन गार्डन में रैली समाप्ति पश्चात किसान सम्मेलन सायं 5 बजे तक कार्यक्रम संचालित होगा।

### एग्जिट पोल के प्रसारण पर 1 जून तक रोक

**बैकुण्ठपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोरिया जिले में मतदान 7 मई को होगा। विदित हो कि मुख्य निर्वाचन आयोग छग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 128 (क) (ख) के तहत शुक्रवार 19 अप्रैल की पूर्वान्ह 7 बजे से शनिवार 1 जून अपरान्ह 6:30 बजे के बीच की अवधि को निर्गम मत सर्वेक्षण के लिए प्रतिबंध किया गया है। कोई भी व्यक्ति उपरोक्त निर्धारित कालावधि के दौरान किसी भी तरह एग्जिट पोल आयोजन नहीं करेगा तथा प्रिंट या इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन अथवा किसी भी अन्य तरीके से प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का, उक्त अवधि के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य साधित्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगा।

### दूरस्थ क्षेत्र देवगढ़ में स्वीप कार्यक्रम

**मनेन्द्रगढ़** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग एवं कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार 2 अप्रैल को पीवीटीजी बाहुल्य मतदाताओं के साथ ग्राम देवगढ़ में विकासखंड भरतपुर की स्वीप टीम के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पारंपरिक नृत्य, रंगोली, रैली एवं मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान तहसीलदार मनहरण सिंह राठिया, परियोजना निदेशक नितेश उपाध्याय, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनआरएलएम सिमेन्द्र सिंह, बीईओ स्माइल खान, एबीईओ सुदर्शन पैकरा, आत्मानंद भरतपुर के प्राचार्य दीपक बघेल, महिला बाल विकास विभाग के बाल विकास परियोजना अधिकारी गीता गौटिया, रितेश पाटीदार व सुपरवाइजर, पंचायत विभाग के टीए, सेक्टर अधिकारी एचएस गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### मतदाताओं को जागरूक करने गांव-गांव नारा लेखन

**मनेन्द्रगढ़।** लोकसभा निर्वाचन में जिले के सभी मतदाताओं को अपनी सहभागिता बढ़ाने तथा मताधिकार का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने के लिए जागरुक करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट और परियोजना निदेशक नितेश उपाध्याय के निर्देशन में विभिन्न ग्राम पंचायत अंतर्गत गांव-गांव में दीवारों पर नारा लेखन का कार्य किया जा रहा है, इसके तहत जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत ग्राम बड़काबहरा, बंजी, बरबसपुर, बेलबहरा, बिछियाटोला, बिहारपुर, बिरोरीडांड़, बुंदेली, चैनपुर, डगौरा, डुगला, हस्तिनापुर, कोचरे, कठौतिया, खैरबना, लालपुर, लोहारी, महाराजपुर, मनवारी, मोरगा, मुक्तियारपारा, मुसरा, पाराडोल, नागपुर, परसगढ़ी, पेंड्री, पीपरिया, पहाड़हंसवाही, साल्ही, सलवा, शंकरगढ़, सिरौली, सिरियाखोह, ताराबहरा, तेंदूडांड़, तिलोखन, उजियारपुर में दीवारों पर नारा लेखन का कार्य किया जा रहा है।

## डीईओ ने जारी किए आदेश, कई स्कूल पहले से ही सुबह शिफ्ट में हो रहे थे संचालित

# गर्मी : अब सुबह 7 बजे से संचालित होंगे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



फाइल फोटो

अप्रैल माह की शुरुआत के साथ ही गर्मी में खासा इजाफा हो गया है। 3 अप्रैल को जारी आदेश के अनुसार अब जिले में सभी स्कूल सुबह 7 बजे से संचालित होंगे, हालांकि बढ़ते गर्मी के कारण पहले से ही कई स्कूल सुबह के शिफ्ट में संचालित हो रहे थे।

जानकारी के अनुसार प्रदेश में बढ़ती गर्मी के प्रभाव को देखते हुए संचालक संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छग ने 3 अप्रैल को संयुक्त संचालकों एवं जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी कर शाला संचालन के संबंध में आदेश जारी किया। इसके तहत प्रातः के समय स्कूलों का संचालन किया जाए, यह आदेश 4 अप्रैल से लागू होगा। संचालक लोक शिक्षक संचालनालय रायपुर ने आदेश जारी किया कि प्रदेश में पड़ रही तेज गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए छग राज्य के सभी शासकीय अशासकीय स्कूल, शैक्षणिक संस्थाओं के संचालन आदेश के अनुसार हो।

जारी आदेश के अनुसार एक पाली में संचालित समस्त प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शालाएं, हाई, हायर सेकेंडरी शालाएं सोमवार से शनिवार प्रातः 7 से 11 बजे तक संचालित की जाएगी, वहीं ऐसी शालाएं जहां कक्षाएं दो पालियों में संचालित होती है, वहां प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाएं प्रातः 7 से 11 बजे तक तथा हाई एवं हायर सेकेंडरी शालाएं पूर्वान्ह 11 से अपरान्ह 3 बजे तक संचालित की जाएगी। जारी आदेश 4 अप्रैल से आगामी 30 अप्रैल तक प्रभावी रहेंगी।

### बिना आदेश के ही अप्रैल से सुबह संचालन

संचालक लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा 3 अप्रैल को यह आदेश जारी किया गया कि गर्मी के कारण शाला संचालन के समय में परिवर्तन किया जाए, जो 4 अप्रैल से प्रभावी होगा, लेकिन कोरिया जिले के अधिकांश विद्यालयों में बिना वैध आदेश के ही कई प्राचार्य एवं प्रधान पाठकों के द्वारा सुबह की पाली से अप्रैल माह के पहले दिन से ही विद्यालय का संचालन शुरू कर दिए थे, जबकि शाला समय परिवर्तन के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भी किसी तरह का लिखित आदेश प्रसारित नहीं किया गया था। अब जाकर संचालक लोक शिक्षण ने शाला समय परिवर्तन को लेकर आदेश जारी किया, तब अब अप्रैल माह के अंत तक परिवर्तित समय में विद्यालयों का संचालन होगा।

### परीक्षा के बाद बच्चों की उपस्थिति कम

विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाएं संपन्न हो गई है, इसके बाद अब विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति नहीं के बराबर हो गई है। हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में भी विभिन्न कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति बेहद कम हो गई है। वहीं जिले में संचालित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में भी स्थिति ठीक नहीं है। प्राथमिक स्तर के विद्यालयों में भी गिनती के बच्चे पहुंच रहे हैं। हालत यह है कि जहां 50 से अधिक बजे जिन विद्यालयों में दर्ज है, उन विद्यालयों में दर्जन भर बच्चे ही मुश्किल से पहुंच रहे हैं। शिकायतों के अनुसार बच्चों की कम उपस्थिति के बावजूद अधिक उपस्थिति लगाए जाने की भी शिकायत है।



एमसीबी पहुंचे वित्तमंत्री ओपी चौधरी।

# कांग्रेस अपना भरोसा खो रही है: ओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

छग के वित्तमंत्री ओपी चौधरी बुधवार को एमसीबी जिला मुख्यालय पहुंचे। इस अवसर उन्होंने कहा कि मुताबिक छग ही नहीं देशभर में नरेन्द्र मोदी की सुनामी चल रही है। इसमें कांग्रेस पूरी तरह से बह जाएगी।

■ प्रदेश के वित्तमंत्री चौधरी पहुंचे एमसीबी

श्री चौधरी ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को कानूनी तौर पर सही बताया है, उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपना भरोसा खोते जा रही है। पहले उन्होंने नारा दिया भूपेश है तो भरोसा है, फिर उन्होंने कहा कि भरोसे की सरकार आलाकमान ने चुनाव के पहले ही समझ में आ गया था कि भूपेश से उनके कार्यकर्ताओं का ही भरोसा उठ चुका है। राजनांदगांव में कार्यकर्ता किस तरह से खुले मंच पर बात करते हैं, कोई पत्र लिख रहा है। कांग्रेस से उनके ही कार्यकर्ताओं का विश्वास उठ चुका है। आज कांग्रेस को छोड़कर महासमुंद ही नहीं बल्कि पूरे छग में कांग्रेसी साथी अविश्वास के कारण कांग्रेस छोड़कर भाजपा के सदस्य बन रहे हैं। इस अवसर पर विधायक भरतपुर-सोनहत श्रीमती रेणुका सिंह, पूर्व संसदीय सचिव श्रीमती चंपादेवी पावले, रामचरित द्विवेदी, लखनलाल श्रीवास्तव, नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र विश्वकर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष सरोज यादव, राहुल सिंह, प्रवीण निशि, अंकुर जैन, आशीष मजूमदार, सुरेन्द्र सिंधवानी, आलोक जायसवाल, धर्मेन्द्र पटवा, विवेक अग्रवाल, महेन्द्र प्रताप सिंह, संजय सिंह, हिमांशु श्रीवास्तव, आकाश दुआ, रवि जायसवाल, रवि सिंह, श्रीमती प्रवीण सिंह, श्रीमती प्रतिमा पटवा, श्रीमती मीनू सहित जिलेभर के कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद रहे।

### महंत के बयान पर किए पलटवार

छग विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत के बयान पर पलटवार करते हुए प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि मोदी किसी व्यक्ति का नाम नहीं है नरेन्द्र मोदी है एक सोच का नाम, जो भारत को विकसित राष्ट बना रहा है। वित्तमंत्री ने कहा कि मैं भी हूं मोदी मुझे मारो लाठी,हमारा हर कार्यकर्ता यह कह रहा है कि मैं भी हूं मोदी मुझे भी मारो लाठी।

### पतझड़ के बाद बदल रही तस्वीर



**बैकुण्ठपुर।** पतझड़ के बाद इन दिनों प्रकृति वर्तमान में पूरे शवाब पर है, जिसका नजारा देखते ही बनता है। वर्तमान में साल के पेड़ों पर जहां पुराने पत्तों की जगह नई पत्तियां निकल रही है, इसके साथ ही फूल भी लद गए हैं। कुछ साल के पेड़ तो ऐसे भी दिखाई दे रहे हैं जिनमें फूल ही फूल भारी मात्रा में लद गए हैं। ऐसे पेड़ पर पत्तियां नहीं केवल फूल ही दिखाई दे रही है।

# मेडिकल कॉलेज के लिए वित्तीय स्वीकृति की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



वित्तमंत्री से मूलाकात करते पदाधिकारी।

छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (निर्वाचित) कोरिया-एमसीबी के पदाधिकारियों ने प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी के मनेन्द्रगढ़ प्रवास के दौरान भाजपा जिला कार्यालय में उनसे मुलाकात कर रेल लाइन विस्तार एवं मनेन्द्रगढ़ में मेडिकल कॉलेज के लिए वित्तीय स्वीकृति दिए जाने पर उनका आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर सभी पदाधिकारियों ने वित्तमंत्री का साल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर वित्तमंत्री श्री चौधरी ने व्यापारियों से चर्चा करते हुए कहा कि भारत सरकार ने नागपुर हाल्ट लाइन के लिए अपने हिस्से की राशि दे दी,लेकिन पूर्व की कांग्रेस सरकार ने अपने हिस्से की राशि नहीं दी, जिससे यहां के लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। अगर पूर्व की प्रदेश सरकार अपने हिस्से की राशि दे दी होती तो लगभग 250 करोड़ से रेल लाइन बिछ ⏭ शेष पेज 4 पर

# खोंगापानी में लोगों मतदान करने किया प्रेरित



**मनेन्द्रगढ़।** नगर पंचायत खोंगापानी में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जारूकता अभियान रैली का आयोजन किया गया। नगर पंचायत खोंगापानी के स्वछता दीदीयों तथा सफाई कर्मियों द्वारा नगर पंचायत कार्यालय खोंगापानी से पीशीम कॉलरी तक रैली निकाल कर नगर पंचायत क्षेत्र के लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान नगर पंचायत निकाय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# व्हीआईपी सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में एसपी ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



अधिकारियों व थाना चौकी प्रभारियों की बैठक लेते एसपी।

लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत अतिविशिष्ट एवं विशिष्ट व्यक्तियों, स्टार प्रचारकों, गणमान्य व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रत्याशियों की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में एसपी सूरज सिंह परिहार द्वारा 3 अप्रैल को रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर के कॉन्फ्रेंस हॉल में समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, समस्त थाना-चौकी प्रभारियों की बैठक ली गई।

बैठक के दौरान निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सूचना संकलन, होटल, लॉज, ढाबा, मुसाफिर, वाहन चेकिंग इत्यादि कार्यवाहियां पर्याप्त समय से पूर्व प्रारंभ कर दी जाए। वारंटों की तमीली प्राथमिकता से करते हुए सुरक्षा श्रेणी मानकों के अनुसार तथा सिक्योरिटी ऑडिट पश्चात स्थानीय स्तर पर खतरों का आंकलन कर आवश्यकतानुसार सुरक्षा प्रदान की जाए। बैठक में एसपी श्री परिहार ने जिले में व्हीआईपी आगमन पर उनके सुरक्षा कटेगिरी के आधार पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था लगाए जाने, जिले में निवासरत व्हीआईपी एवं जिला के आसपास निवासरत व्हीआईपी की सुरक्षा के संबंध में दिशा-निर्देश दिए, जिससे कि हेलीपेड, मार्ग व्यवस्था, पार्किंग, कार्यक्रम स्थल, हाई राईस बिल्डिंग, मंच में, ग्रीन रूम, विश्राम स्थल-सर्किट हाउस, कंटिजेंसी हॉस्पिटल एवं सेफ हाउस में समुचित सुरक्षा लगाई जा सके, इसके साथ ही एसपी ने विशेष सुरक्षा के तौर पर व्हीआईपी आगमन पर जिले में वीआईपी सुरक्षा ड्यूटी में प्रयोग आने वाले सभी उपकरणों की संघन जांच, वाहनों की जांच, व्हीआईपी आगमन पर उनके कार्यक्रम एवं आने जाने वाले मार्गो का अवलोकन, व्हीआईपी दलों के संयोजकों से संपर्क कर कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त करने एवं व्हीआईपी आगमन पर नाकाबंदी कर वाहनों एवं होटल ढ़ाबा की चेकिंग करने के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में एसपी ने कहा कि व्हीआईपी आगमन पर कार्यक्रम के पूर्व बल को पूर्वाभ्यास कराएं। वाहन चालकों का शारीरिक एवं मानसिक स्थिति का जांच करें, ब्रीफ करें एवं वाहन चालकों का चरित्र सत्यापन जांच भी कराया जाए, इसके अतिरिक्त पीएसओ की शारीरिक, मानसिक और भौतिक जांच के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बैकुंठपुर कविता ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक राजेश साहू, श्याम लाल मधुकर, जेपी भारतेंदु, नेलशन कुजूर, आरआई, यातायात प्रभारी, समस्त थाना/चौकी प्रभारीगण, डीएसपी और चुनाव सेल के स्टॉफ उपस्थित रहे।

### सजग नागरिक को एसपी ने किया सम्मानित



बचरापोंड़ी चौकी क्षेत्र अंतर्गत बीते 29 मार्च की दोपहर तीन मासूम बालिकाएं ग्राम पंचायत सावला चिटकाहीपारा से खेलते हुए भटककर दूर निकल गई थी, शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजन द्वारा खोजबीन किया गया, किंतु तीनों बालिकाओं का कही कोई पता नहीं चल रहा था, इस पर कोरिया पुलिस द्वारा गांव-गांव इसकी सूचना पुलिस पेट्रोलिंग के माध्यम से दिया गया एवं रात्रि में ही बच्चों की सघन खोजबीन प्रारंभ कर दी गई थी, तमाम कोशिशों का प्रतिफल रहा कि अगले दिवस 30 मार्च को प्रातः 6 बजे घर से 7 किमी की दूरी पर बचरा गांव में महुआ बिनने गए सुरेश प्रजापति ने उपरोक्त तीन मासूम बालिकाओं स्वाती पिता संतलाल कुजूर उम्र 11 वर्ष, एनिमा पिता संतलाल कुजूर उम्र 11 वर्ष एवं अंजू पिता विजय एक्का उम्र 7 वर्ष को वहां पर देखा, जिसकी जानकारी उसने कोरिया पुलिस को दी एवं तीनों मासूम बालिकाओं को सकुशल उनके परिजन के सुपुर्द किया गया था। इस कार्रवाई में सुरेश प्रजापति की सक्रियता ने एक बड़ी अनहोनी होने से रोक दिया। इस पर पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने बच्चों की बरामदगी के लिए सूचना देने वाले सजग जिम्मेदार नागरिक को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बुलाकर सम्मानित करने को कहा था, जिसके फलस्वरूप 3 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने सुरेश प्रजापति आत्मज बुधराम निवासी ग्राम पोंड़ीबचरा को पुलिस अधीक्षक कक्ष में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

## गेहूं की फसल कटाई के लिए तैयार

# रबी की फसल: मेहनत की कमाई सहेजने में जुटे हैं किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

रबी की प्रमुख फसल गेहूं कई क्षेत्रों में पक कर पूरी तरह से कटाई के लिए तैयार हो गई है, वहीं कई क्षेत्रों में गेहूं पक रही है। जिन क्षेत्रों में गेहूं की फसल पक्कर तैयार हो गई है, उन खेतों में मजदूरों व ग्रामीण परिवार के लोग गेहूं की कटाई करने में जुट गए हैं।

अभी गर्मी दिनों दिन बढ़ रही है, इसके कारण ग्रामीण परिवार सुबह होने पर अपने खेतों में गेहूं की कटाई करने पहुंच जाते हैं और कुछ घंटों तक कटाई करते हैं। और धूत अधिक तीखी हो जाती है, तब अपने घर लौट जाते हैं, इसके बाद अपरान्ह बाद फिर से खेतों में गेहूं की कटाई करने पहुंचते हैं तथा शाम ढलने तक खेतों में गेहूं की कटाई कार्य में जुटे रहते हैं। जानकारी के अनुसार



पक्कर तैयार गेहूं की फसल।

अभी कई किसान परिवार अपने पके गेहूं की कटाई शुरू कर दिए हैं, लेकिन कई क्षेत्रों में देरी से बोआई हुई है, उन क्षेत्रों की गेहूं फसल पकने की तैयारी में है। इस तरह अप्रैल माह में ग्रामीण परिवार अपने खेतों में तपती धूप के बीच पसीना बहाकर गेहूं फसल की कटाई में जुटे रहेंगे। उल्लेखनीय है कि कोरिया जिले में खरीफ की प्रमुख फसल धान है, जिसका बड़ा रकबा है, इसके अलावा रबी सीजन में प्रमुख रूप से गेहूं की फसल ली जाती है,लेकिन इसका रकबा अधिक नहीं है।

### पटना क्षेत्र में सबसे अधिक फसल उत्पादन

कोरिया जिले के पटना क्षेत्र में सबसे अधिक गेहूं की फसल ली जाती है। जिले में सबसे अधिक गेहूं का रकबा पटना तहसील क्षेत्र में ही देखने को मिलता है। इस क्षेत्र में लंबी दूरी तक गेहूं की फसल मुख्य कई ग्रामीण क्षेत्रों में देखी जा सकती है, इसके अलावा जिले के अन्य क्षेत्रों में भी सिंचाई के साधन उपलब्ध है, लेकिन उन क्षेत्रों में किसानों के द्वारा गेहूं की अधिक फसल नहीं ली जाती। यही कारण है कि जिले में सबसे अधिक गेहूं का उत्पादन पटना तहसील क्षेत्र में ही होता है।

### जिले में सिंचाई सुविधा का अधिक विस्तार

कोरिया जिले में सिंचाई सुविधाओं की कमी नहीं है। जिला मुख्यालय के निकट मध्यम श्रेणी की बांध परियोजना झुमका बांध है, यहां से कई किमी तक विभिन्न क्षेत्रों के लिए नहर विस्तारित है, इसके अलावा सोनहत मार्ग पर स्थित गेजबांध से भी कई किमी दूरी तक विभिन्न क्षेत्रों में नहरों का विस्तार किया गया है। बावजूद इसके उक्त दोनों प्रमुख बांधों से निकली नहर एरिया में पटना क्षेत्र के अपेक्षाकृत कम किसानों के द्वारा गेहूं की फसल ली जाती है, जबकि पटना क्षेत्र में अमहर बांध के अलावा तालाब व अन्य साधनों से किसान काफी संख्या में गेहूं की फसल बोते हैं।

### चोरी के आरोपी को तीन वर्ष सश्रम कारावास

**बैकुण्ठपुर।** घर में घुसकर चोरी करने के मामले में आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया। मामले की सुनवाई पश्चात न्यायालय ने आरोपी को दोष पाया और इसके लिए तीन वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदंड की सजा से दंडित करने का फैसला सुनाया। मामले के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मेंड्रा निवासी प्रार्थिया श्रीमती शांति ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई की बीते 12 फरवरी 2016 को जब वह घर पर नहीं थी, इसी दौरान रात्रि 7 से 9 बजे के बीच उसके घर का ताला तोड़कर किसी ने उसके घर में रखे चांदी का एक जोड़ा पायल, 1 नग सोने की फूली, नगदी 10 हजार रूपए चोरी कर लिया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर पतासाजी की और इस मामले में आरोपी बसंत यादव के विरूद्ध धारा 457, 280 आईपीसी के तहत मामला पंजीबद्ध कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने दोनों पक्षों की सुनवाई पश्चात आरोपी को दोषी ठहराया और इसके लिए तीन वर्ष सश्रम कारावास के साथ अर्थदंड से दंडित करने का फैसला 30 मार्च को सुनाया। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी जिला अभियोजन अधिकारी मनोज प्रताप सिंह ने किया।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## दुनिया भर में रिलीज होने के 8 महीने बाद जापान में रिलीज हुई ओपेनहाइमर



**लॉस एंजेलिस।** ऑस्कर विजेता फिल्म ओपेनहाइमर अपनी वैश्विक रिलीज के आठ महीने बाद आखिरकार जापान में रिलीज हो गई है। जबकि दुनिया ने फिल्म की सराहना की, जापान अब तक वैश्विक स्क्रीनिंग से बाहर रखा गया था। क्रिस्टोफर नोलन निर्देशित फिल्म ने जापान के सिनेमाघरों में अपनी जगह बना ली। जापान के सिनेमाघरों में एक चेतावनी दिखाई गई थी, जिसमें कहा गया था कि फिल्म में परमाणु परीक्षणों की तस्वीरें हैं, जो बमों से होने वाले नुकसान का कारण बन सकती हैं। इस महीने की शुरुआत में, ओपेनहाइमर ने ऑस्कर में सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म का पुरस्कार जीता। इसे अमेरिकन फिक्शन, एनाटॉमी ऑफ ए फॉल, बार्बी, द होल्डओवर्स, किलर्स ऑफ द फ्लावर मून, मेस्ट्रो, पास्ट लाइव्स, पुअर थिंग्स और द जोन ऑफ इंटरेस्ट के साथ नामांकित किया गया था। ब्लॉकबस्टर के लिए अन्य जीतों के अलावा, सिलियन मर्फी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता की ट्रॉफी हासिल की, रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार जीता और क्रिस्टोफर नोलन ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीता। मर्फी ने अपने स्वीकृति भाषण के दौरान कहा, हमने उस आदमी के बारे में एक फिल्म बनाई, जिसने परमाणु बम बनाया और बेहतर या बदतर के लिए, हम सभी ओपेनहाइमर की दुनिया में रह रहे हैं।

### टॉलीवुड

## राजनीतिक ड्रामा होगी दलपति विजय की 69वीं फिल्म



**चेन्नई।** दलपति विजय अपनी राजनीतिक पारी शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इसी बीच उनकी 69वीं फिल्म को लेकर चर्चा जोरों पर है। रिपोर्ट्स की मानें तो यह फिल्म अभिनेता की आखिरी फिल्म होगी। साउथ सुपरस्टार विजय फिलहाल अपनी आगामी फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को लेकर सुर्खियों में हैं। इसी बीच उनकी 69वीं फिल्म पर आए नए अपडेट ने सोशल मीडिया की हलचल बढ़ा दी है। रिपोर्ट की मानें तो, दलपति विजय की 69वीं फिल्म का निर्देशन तमिल निर्देशक एच. विनोत करेंगे, जिन्हें 'सथुरंगा वेट्टई' और 'थेरन अधिगारम' ओन्ड्रू जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। हालांकि, निर्देशक की पिछली दो फिल्में उम्मीदों पर खरी नहीं उतरीं। एच. विनोत को कमल हासन के साथ काम करना था, लेकिन किसी कारणवश बात नहीं बन पाई। खबर यह है कि 'दलपति 69' कुछ मजबूत तत्वों के साथ एक राजनीतिक नाटक होगा। कहा जाता है कि टॉलीवुड का प्रोडक्शन हाउस डीवीवी एंटरटेनमेंट, जिसने वैश्विक सनसनी 'आरआरआर' का निर्माण किया था, इस परियोजना का समर्थन कर रहा है। हालांकि, अब तक इन खबरों पर आधिकारिक मुहर नहीं लग पाई है। अभिनेता, निर्देशक या निर्माता की ओर से आधिकारिक पुष्टि से ही इस रहस्य से पर्दा उठ पाएगा। दलपति विजय को आखिरी बार इस साल लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित फिल्म 'लियो' में देखा गया था। फिल्म में तृषा कृष्णन, संजय दत्त, अर्जुन सरजा, गौतम वासुदेव मेनन, मैसस्किन, मैडोना सेबेस्टियन, सैंडी मास्टर और कई अन्य लोग प्रमुख भूमिकाओं में थे। फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इसी बीच सुपरस्टार की 69वीं फिल्म से जुड़ी रिपोर्ट मात्र ने फैंस के उत्साह को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है।

### भोजपुरी

## पिछले 20 सालों में सबसे बड़ी फिल्म बनकर उभरी महादेव का गोरखपुर



**मुंबई।** भोजपुरी फिल्मों के बदलते इतिहास की पटकथा लिखी जा चुकी है और यह पटकथा लिखी है मेगास्टार रवि किशन की फ़िल्मि 'महादेव का गोरखपुर' ने। पिछले दो दशकों में सबसे बड़ी ओपनिंग का रिकॉर्ड इस फ़िल्मि ने तोड़ दिया है और एक नया ट्रेडमार्क सेट कर दिया है। अभी रिपोर्ट लिखे जाने तक कलेक्शन डिटेल में भारी उछाल देखने को मिल रहा है। जब से भोजपुरी सिनेमा का यह तीसरा दौर शुरू हुआ है तब से लेकर अबतक इतनी बड़ी ओपनिंग किसी भी फ़िल्मि को नहीं मिल पाई थी और यह कारनामा 'महादेव का गोरखपुर' ने कर दिखाया है।

देशभर में लगभग 200 सिनेमाघरों और अमेरिका के 12 सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फ़िल्मि ने भोजपुरी और हिंदी भाषा मे अपनी सफलता का परचम लहरा दिया है।

अभी इसे तमिल,तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होना बाकी ही है। फ़िल्मि भोजपुरी भाषा में ही बनी है और इसे बाकी भाषाओं में डब करके रिलीज किया जाएगा। 'महादेव का गोरखपुर' भोजपुरी फ़िल्मि इतिहास में अब तक कि सबसे बड़ी फिल्म बनने की राह पर चल पड़ी है। यह एक ऐसी पहली भोजपुरी फ़िल्मि भी बन गई है, जिसकी डबिंग करके साउथ इंडिया की भाषाओं में रिलीज करने की तैयारी है। फ़िल्मि को मिली बड़ी ओपनिंग पर खुशी व्यक्त करते हुए इस फ़िल्मि के एक्टर मेगास्टार रवि किशन कहते हैं कि 'अब दर्शकों के अंदर बदलाव आ चुका है और भोजपुरी फ़िल्मिमेकर्स को इस बदलाव को समझना होगा।

“ मौनी रॉय बॉलीवुड की हॉट एक्ट्रेस में से एक हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपने हॉट और स्टाइलिश अंदाज को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। वहीं मौनी सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। इसके साथ ही हाल ही में मौनी रॉय ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में मौनी बेहद खूबसूरत लग रही हैं। दरअसल, मौनी ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें एक्ट्रेस ने शिमरी कलर की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अलग-अलग पोज देती नजर आ रही हैं।





## फ्लॉलेस मेकअप लुक के लिए फॉलो करें ये टिप्स आएगा नेचुरल निखार और दिखेंगी खूबसूरत...

परफेक्ट मेकअप लुक एक सहज और बहतरीन फिनिश प्राप्त करता है, जो आपके आत्मविश्वास और सुंदर महसूस कराता है। हालांकि, फ्लॉलेस मेकअप लुक पाना काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है, खासकर यदि आप सही तकनीक नहीं जानते हैं या सही उत्पादों का उपयोग नहीं करते हैं। लेकिन अब चिंता मत करो! यहां आपके फ्लॉलेस मेकअप लुक को निखारने के लिए कुछ आसान टिप्स दिए गए हैं।

### फेयर स्किन के लिए

फेयर स्किन टोन वाली महिलाओं को वेज पिंक टिंट वाला फाउंडेशन सलेक्ट करना चाहिए। अगर आपका कॉम्प्लेक्शन यालोइश है तो आप वेज और ओरेंज अंडरटोन फाउंडेशन का इस्तेमाल कर सकती हैं। फेयर स्किन पर आइब्रो के लिए ब्लैक की जगह ब्राउन रंग की आइब्रो पेंसिल ज्यादा बेहतर है। ब्लैक आईलाइनर के साथ ब्राउन आईशैडो का इस्तेमाल करें। फेयर स्किन टोन वालों को गालों पर पिंक या रेज ब्लश का इस्तेमाल करना चाहिए। लाइट मेकअप पर पिंक या न्यूड लिपिस्टिक लगाएं।



### डस्की स्किन के लिए

डस्की स्किन वाली लड़कियों को वर्म टोन वाला फाउंडेशन चूज करना चाहिए। कंसीलर के लिए केरेमल शेड ले सकती है, डार्क सर्कल छुपाने के लिए सही ढंग से कंसीलर का प्रयोग करें। फाउंडेशन को ब्यूटी ब्लेंडर की मदद से ब्लेंड करें। डस्की स्किन वाले लोग आंखों के लिए ब्राइट कलर के आईशैडो का इस्तेमाल करें, इससे आपकी हाइलाइट अच्छे से होगी। डस्की स्किन के लिए रेड, कॉफी ब्राउन और मूव कलर की लिपिस्टिक बढ़िया लगेगी।

### सांवली स्किन के लिए

सांवली स्किन टोन वाली महिलाओं को ब्राउनिश शेड का फाउंडेशन का उपयोग करना चाहिए। सांवले रंग पर ब्राउन रंग का ब्लश खूबसूरत लगता है। इसके साथ ही आप हाइलाइटर पाउडर का इस्तेमाल करें। आई मेकअप के लिए लाइट कलर यूज करें। स्मोकी आई लुक के लिए आप ब्लैक आईलाइनर को स्मज करके लगाएं और फिर हल्के ब्राउन रंग का आईशैडो लगाएं। सांवले रंग पर लिपिस्टिक के न्यूड शेड्स काफी परफेक्ट लगते हैं।

## फ्लावर वॉल डेकोर के यूनिक आइडियाज देंगे हॉल को न्यू और क्लासी लुक




क्या आप अपने घर को एक नया और क्लासी लुक देने की सोच रहे हैं, गर्मी के दिनों में हॉल में कुछ चेंज करना चाहते हैं तो फ्लावर से वॉल डेकोरेशन कर सकते हैं। फूलों से दीवार की सजावट करना खूबसूरत और आकर्षक आइडिया हो सकता है। अपनी पसंद और बजट के मुताबिक इसे आप कस्टमाइज कर सकते हैं। ऐसे में आपको फ्लावर वॉल डेकोर के यूनिक आइडिया बता रहे हैं। जो आपके घर की खूबसूरती बढ़ाने के लिए खाली दीवारों में जान फूंकने का काम कर सकते हैं। इन आइडियाज को फॉलो करने के बाद लोग आपके घर की तारीफ करते नहीं थकेंगे। आपसे यही पूछेंगे कि इतना अच्छा डेकोरेशन आखिरी कैसे किया। ?

**फ्लावर वॉल पेंटिंग या फ्रेम :** हॉल को सुंदर और अट्रैक्टिव लुक देने के लिए फ्लावर वॉल पेंटिंग का सहारा ले सकते हैं। आप अपनी पसंद के हिसाब से फूलों की डिजाइन का सिलेक्शन कर सकते हैं। अगर पेंटिंग बनवाने में मुश्किल लग रही हो तो आप फ्रेम्स भी बना सकते हैं। इसके लिए किसी भी तरह के फूलों को चुन सकते हैं फिर उनका फ्रेम बनवा सकते हैं।

**फूलों के स्ट्रिंग या लटकन :** अगर अपने घर को एक एलिगेंट लुक देना चाहते हैं तो फूलों के स्ट्रिंग या लटकन एक शानदार तरीका हो सकता है। इसके लिए आप कई तरह के फूलों का इस्तेमाल कर सकते हैं, जिन्हें दीवार के सहारे लगा सकते हैं या फिर लटकन की तरह डिजाइन कर सकते हैं। इससे दीवार सिर्फ अच्छी नहीं लगेगी बल्कि अट्रैक्ट भी करेंगी।

**फ्लावर वॉल पेपर :** हॉल को यूनिक लुक देने के लिए फ्लावर वॉल पेपर एक आसान और बजट के मुताबिक बेहतर तरीका हो सकता है। सजावट के लिए अपने घर को फूलों से अपडेट करना हो तो कई रंगों और पैटर्न में फूलों के वॉल पेपर आते हैं, जिनका इस्तेमाल किया जा सकता है। साथ ही आप घर के सामान के कलर का फ्लावर वॉल पेपर ढूंढ सकते हैं।

**फ्लावर वॉल टाइल्स :** घर को कलरफुल और इंटरेस्टिंग बनाने के लिए फ्लावर वॉल टाइल्स भी आपकी मदद कर सकते हैं ये घर को मॉर्डन और एलिगेंट लुक देने का शानदार तरीका है। फूलों की दीवार के लिए टाइल्स कई रंगों और पैटर्न में आते हैं इसलिए घर की सजावट के साथ मेल खाने वाले टाइल्स का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**फूलों के गुलदस्ते या कॉर्नर :** नेचुरल तरीके से दीवारों को नया लुक देने के लिए फूलों के गुलदस्ते अच्छा ऑप्शन हैं। आप चाहें तो फ्रेशनेस के लिए ताजा फूलों का इस्तेमाल भी सकते हैं या फिर आर्टिफिशियल फूलों से भी सजावट कर सकते हैं। इसमें आपका बजट कम ही लगेगा क्योंकि आर्टिफिशियल फूल सालों साल तक चलेंगे।

## भूल जाएंगी नेल एक्सटेंशन जब जानेंगी जोजोबा ऑयल के फायदे

लड़कियां चाहती है कि उसके नाखून सुंदर और लंबे हों, लेकिन पोषक तत्वों की कमी और सही देखभाल न मिलने के कारण नेल्स की ग्रोथ पर असर पड़ता है। इसकी वजह से हमारे नाखून बढ़ना कम कर देते हैं। ऐसे में नेल एक्सटेंशन की जगह आप कुछ नेचुरल रेमेडीज के इस्तेमाल से नेल ग्रोथ को फिर से बढ़ा सकती हैं।

अगर नेल एक्सटेंशन न करें तो फिर क्या करें? आपके मन में भी यही सवाल आ रहा होगा। जवाब आपके घर में ही मौजूद है। जी हां, और ये उपाय है जोजोबा ऑयल। इसमें विटामिन ई, बी कॉम्प्लेक्स, और मिनरल्स जैसे कि जिंक, कॉपर, और क्रोमियम जैसे आवश्यक पोषक तत्व होते हैं, जो नाखूनों के लिए बहुत जरूरी होते हैं।नाखूनों को मॉइस्चराइज करता है।



### नेल्स के ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करता है

हमारे शरीर के हर हिस्से में ब्लड सर्कुलेशन का ठीक होना जरूरी होता है और जोजोबा तेल भी यही काम करता है। ये तेल नाखूनों में रक्त संचार को बेहतर बनाता है, जिससे इन्हें पोषण और मजबूती मिलती है। जब आपके नाखूनों को सही पोषण मिलेगा तो उनकी ग्रोथ भी अच्छी होगी।


### फंगल इन्फेक्शन से लड़ता है

अक्सर तरह-तरह की नेल पॉलिश और एक्सटेंशन की वजह से हमारे नाखूनों में इंफेक्शन होने की संभावना बढ़ जाती है। इसकी वजह से नेल्स के आसपास की स्किन सूजकर लाल हो सकती है और वे टूट भी सकते हैं। ऐसे में जोजोबा ऑयल में मौजूद एंटी-फंगल गुण नाखूनों को फंगल इन्फेक्शन से बचाने में मदद करते हैं।

## आइब्रो और पलकों के तेजी से बढ़ाने है हेयर, तो आजमाएं ये घरेलू उपाय

घनी पलकें और भौहें चेहरे की सुंदरता को बढ़ाती हैं। लेकिन बहुत कम महिलाएं ऐसी होती हैं, जिनकी पलकों और भौहों दोनों पर घने बाल होते हैं। अगर आप भी घने बाल चाहती हैं तो आपको अपनी पलकों और भौहों का खास ख्याल रखना होगा। इसलिए आपको कुछ ऐसे ही घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिनका अगर आप रोजाना पालन करेंगे तो आपको जल्द ही अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**जैतून तेल :** ग्रीन टी के पानी की 10 बूंदों में 5 बूंद ऑलिव ऑयल मिलाएं और थोड़ी देर के लिए छोड़ दें। फिर पानी को छान लें। अब इसमें जैतून का तेल मिलाएं और इस मिश्रण को मस्कारा ब्रश की मदद से अपनी पलकों और आइब्रो पर लगाएं। इसे रोजाना इस्तेमाल करें, जल्द ही आपको असर दिखने लगेगा।



**अरंडी का तेल :** 5 बूंद अरंडी का तेल, 5 बूंद नारियल और थोड़ा काजल मिलाएं। अब इस मिश्रण को मस्कारा ब्रश की मदद से पलकों और आइब्रो पर लगाएं। रात को सोने से पहले इसका इस्तेमाल करना सबसे अच्छा है, यह तरीका ज्यादा कारगर होगा।

**पेट्रोलियम जेली:** 1/2 चम्मच पेट्रोलियम जेली में 2 बूंद विटामिन-ई तेल मिलाएं और इसे कांच की छोटी बोतल या कैन में बंद कर लें। अब इस मिश्रण को मस्कारा ब्रश की मदद से पलकों और भौंहों के बालों पर लगाएं। इसे रोजाना इस्तेमाल करें, जल्द ही आपको परिणाम मिलेंगे।

**कच्चा दूध :** एक चम्मच कच्चे दूध के मस्कारा ब्रश को दिन में एक बार भौंहों और पलकों पर लगाएं। यह आपके लिए बहुत कारगर होगा।

**एलोवेरा जेल :** एलोवेरा जेल कम समय में भौंहों और पलकों को घना करने का एक तरीका है। मस्कारा ब्रश से आइब्रो और पलकों पर थोड़ा सा एलोवेरा जेल लगाएं। ऐसा रोजाना करने से आपको कुछ ही दिनों में फायदा होगा।

कार्नर न्यूज

### किचन भले ही छोटा हो लेकिन उसका सुंदर, साफ और व्यवस्थित होना बहुत जरूरी

## किचन क्लीनिंग को लेकर हैं परेशान तो घबराएं नहीं ये आसान तरीके हैं न, चमकदार दिखेगी रसोई

*किचन की ठीक तरह से सफाई इसलिए भी जरूरी है क्योंकि यह सीधे तौर पर हमारे स्वास्थ्य से जुड़ा मामला होता है। किचन भले ही छोटा हो लेकिन उसका सुंदर, साफ और व्यवस्थित होना बहुत जरूरी होता है। अगर किचन ज्यादा बड़ा हो तो उसकी सफाई को लेकर और ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। किचन क्लीनिंग करना घर की महिलाओं के लिए वैसे ही चैलेंजिंग काम होता है। आप भी अगर अपने किचन की सफाई को लेकर परेशान हैं और उसकी क्लीनिंग को लेकर प्लानिंग कर रहे हैं तो हम आपको कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं, जिन्हें फॉलो कर आसानी से किचन की बेहतर तरीके से साफ-सफाई की जा सकती है।*



### सिंक को बेकिंग पाउडर से साफ करें

सिंक साफ करने के लिए उसमें गर्म पानी डालें। फिर उसमें सिरका डालें और सिंक को बेकिंग पाउडर से साफ करें। सिंक की चमक लौट आएगी। किचन की सफाई के दौरान सिंक की सफाई करना भी एक बड़ा काम होता है। सिंक के नल को साबुन या सर्फ से ब्रश की मदद से साफ करें। ध्यान रखें कि सिंक में या स्टील के नलों में एसिड लगने पर हमेशा के लिए उसके दाग पड़ जाते हैं।

### कैबिनेट्स को साफ करने के लिए लिक्विड सोप करें यूज

बर्तन माजने के स्क्रबर से अच्छी तरह से कैबिनेट को रगड़कर साफ किया जा सकता है। उसके बाद एक साफ कपड़े को गीला कर कैबिनेट को पोछ लें। किचन कैबिनेट्स को साफ करना भी चुनौतीपूर्ण काम होता है। इसके लिए सफेद सिरका और लिक्विड सोप का इस्तेमाल किया जा सकता है।



### टाइल्स सफाई के लिए सिरका का करें उपयोग

टाइल्स पर अगर ज्यादा चिकनाई जम गई है और सामान्य तरीके से साफ नहीं हो पा रही है तो घर में इस्तेमाल किए जाने वाले एसिड से टाइल्स को रगड़ें इससे सारी गंदगी साफ हो जाएगी। किचन का इस्तेमाल करने के दौरान सबसे ज्यादा गैस स्टैंड के पास की दीवार की टाइल्स खराब होती हैं। उन्हें साफ करने के लिए बर्तन धोने के स्क्रबर का इस्तेमाल करें। उसमें साबुन या सर्फ लगाएं और टाइल्स को रगड़ें। इसके बाद एक साफ कपड़ा लेकर पानी से टाइल्स को साफ करें। टाइल्स की पुरानी चमक लौट आएगी। टाइल्स सफाई के लिए सिरका, बेकिंग सोडा, अमोनिया और ब्लीच का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।



# अल्लू के बर्थडे पर आउट होगा पुष्पा 2 का टीजर

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन कुछ दिनों बाद अपना 42वां बर्थडे सेलिब्रेट करने जा रहे हैं। इस मौके को और खास बनाने के लिए पुष्पा 2 की टीम फिल्म का दूसरा टीजर रिलीज करने जा रही है। मंगलवार को पुष्पा 2 के टीजर रिलीज की आधिकारिक घोषणा की गई है। फिल्म का नया पोस्टर रिलीज करने हुए मेकर्स ने फिल्म के टीजर रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। पुष्पा 2 का टीजर अल्लू अर्जुन के बर्थडे यानी 8 अप्रैल को रिलीज किया जाएगा। वहीं, फिल्म के नए पोस्ट की बात करें, तो इसमें पैर में घुंघरू बांधे एक पैर को दिखाया गया है, जो पुष्पा राज का हो सकता है।

लाइफ Style



# सामंथा

## एटली की अपकमिंग मूवी में एंट्री

क्या आप साउथ के तीन जाने-माने चेहरों की तिकड़ी को साथ में देखना चाहते हैं? ये तिकड़ी है शाहरुख खान की 'जवान' फिल्म के डायरेक्टर एटली, 'पुष्पा' स्टार अल्लू अर्जुन और फेमस एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु की। सामंथा ने पहले अल्लू अर्जुन और एटली दोनों के साथ ही काम किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

एटली अपनी अपकमिंग मूवी के लिए अल्लू अर्जुन का नाम फाइनल कर चुके हैं और अब वो हीरोइन के रूप में सामंथा को बोर्ड में लेना चाह रहे हैं। दोनों के बीच बातचीत चल रही है। अभी ऑफिशियल अनाउंसमेंट आना बाकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, एटली अब अल्लू अर्जुन के साथ धमाका करने के लिए तैयार हैं। दोनों अक्टूबर 2024 से इस फिल्म पर काम शुरू करेंगे। दोनों ने सब्जेक्ट को फाइनल कर लिया है और एटली ने इस प्रोजेक्ट के लिए कास्टिंग का प्रोसेस शुरू कर दिया है।

प्रोडक्शन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि एटली अपनी फिल्म की हीरोइन के लिए सामंथा रुथ प्रभु से बातचीत कर रहे हैं। अगर ये खबर सही साबित होती है तो सामंथा और अल्लू एक बार फिर से साथ में स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। 'पुष्पाः द राइज' फिल्म में सामंथा का आइटम सॉन्ग था, जो खूब पॉप्युलर हुआ था। सूत्र का कहना है कि सामंथा और एटली के बीच पुराने समय से ही बहुत अच्छा रिश्ता रहा है। दोनों पहले 'थेरी' फिल्म में साथ काम कर चुके हैं। अगर सामंथा, अल्लू अर्जुन और एटली की तिकड़ी साथ में काम करती है तो ये उनका री-यूनियन होगा। बताया जा रहा है कि इस फिल्म का बजट बहुत ज्यादा होने वाला है।

हॉलीवुड मसाला




# ट्रैक सूट में दिखा कूल लुक

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड एक्ट्रेस और मॉडल जूलिया फॉक्स को उनके रिस्की और डेरिंग आउटफिट्स के लिए जाना जाता है। लो-राइज जींस हो या कोई क्लासिक लेदर आउटफिट एक्ट्रेस हर ड्रेस को अपने ही स्टाइल में कैरी करती हैं। हाल ही में जूलिया फॉक्स की एयरपोर्ट से कुछ तस्वीरें सामने आई, जिसमें उनका कूल लुक देखने को मिल रहा है। तस्वीरों में जूलिया फॉक्स ब्लू कलर के वेलवेट ट्रैक सूट में नजर आ रही हैं। उन्होंने मिनिमल मेकअप, शेड्स से लुक को पूरा किया है। एयरपोर्ट पर हसीना स्टाइलिश अंदाज में पोज दे रही हैं।




# ट्रोलिंग से परेशान लिज्जो ने ट्रोलर्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

**लॉस एंजेलिस।** सिंगर-सॉन्गराइटर लिज्जो ने अपने आलोचकों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। 35 वर्षीय सिंगर ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक लंबा नोट शेयर किया और कहा कि वह लोगों द्वारा किए जाने वाले इंटरनेट ट्रोलिंग से थक गई हैं। लिज्जो ने लिखा, मैं बस अच्छा म्यूजिक बनाना चाहती हूं, ताकि लोगों को खुश कर सकूं और दुनिया को जैसा मैंने पाया, उससे थोड़ा बेहतर बनाने में मदद कर सकूं। लेकिन मुझे ऐसा लगने लगा है कि दुनिया मुझसे ऐसा नहीं चाहती। मैं लगातार मेरे बारे में बोले जाने वाले झूठ का विरोध करती हूं। मैं कैसी दिखती हूं, इसको लेकर हर बार मजाक बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि उनके करेक्टर को वो लोग गलत ठहरा रहे हैं, जो उन्हें जानते तक नहीं और उनके नाम को बदनाम कर रहे हैं। हालांकि, सिंगर ने यह नहीं बताया कि इस पोस्ट के पीछे क्या कारण है, लेकिन कमेंट सेक्शन में उनके दोस्त और फैंस उत्साहवर्धक कमेंट कर रहे हैं।




# क्रू ने किया 30 करोड़ का आकड़ा पार

**मुंबई।** फिल्म 'क्रू' ने 29 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक दी है। इस फिल्म को रिलीज के साथ ही बेहतरीन रिस्पॉन्स मिल रहा है। मूवी में तीनों हसीनाओं ने अपनी एक्टिंग का ऐसा जादू बिखेरा की फिल्म ने महज तीन दिनों में ही शानदार कमाई कर डाला। ऐसे में अब 'क्रू' के चौथे दिन के शुरुआती आंकड़े सामने आ चुके हैं। 'क्रू' में करीना, तब्बू और कृति ने एयर होस्टेस का रोल निभाया है। तीनों की तिकड़ी ने ऑडियंस को जमकर एंटरटेन तो किया ही है साथ ही खूब हंसाया भी है। चार दिन में फिल्म की कुल कमाई 30.78 करोड़ रुपए हो गई है। क्रू भले ही बॉक्स ऑफिस पर अपना कब्जा जमा रही है, लेकिन इसके सामने कई बड़ी फिल्में मुकाबले के लिए खड़ी हैं। अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म 'शैतान' लगातार बॉक्स ऑफिस पर कमाई के रिकॉर्ड बना रही है तो वहीं दूसरी तरफ सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'योद्धा' भी सामने खड़ी है।



# मोस्ट अवेटेड फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** अजय देवगन की मोस्ट अवेटेड फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। काफी समय से इस फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे फैंस ट्रेलर देखकर काफी खुश हैं और अब फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। ट्रेलर की शुरुआत होती है प्रियमणि से, जो कहती हैं वैसे पूरी इंडिया में किसी को नहीं लगता कि हम जीते हैं पर आपको लगता है। कब? इसके बाद दिखाया जाता है कि अजय भारत के लिए एक फुटबॉल की टीम तैयार कर रहे हैं। वह चुन-चुनकर खिलाड़ी लेकर आते हैं जहां मैनेजमेंट से भी उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। देश का नाम रोशन करने के बीच अजय के खिलाफ जब पूरी दुनिया हो जाती है तो कैसे वह लड़ते हैं यही मैदान की कहानी है। ट्रेलर को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

# पूजा की लाइफ में प्यार की एंट्री रोहन मेहरा संग स्पॉट हुई एक्ट्रेस

**मुंबई।** एक्ट्रेस पूजा हेगड़े अपनी निजी जिंदगी के मामले में लो प्रोफाइल रहती हैं। लेकिन वो इस बार कथित बॉयफ्रेंड रोहन मेहरा के साथ स्पॉट की गईं। दोनों की तस्वीरें मुंबई के बांद्रा में पपाराज़ी ने लीं। पूजा और रोहन को एक ही कार में साथ जाते हुए भी देखा गया। पूजा कथित तौर पर पिछले कुछ समय से रोहन को डेट कर रही हैं। वह दिवंगत एक्टर विनोद मेहरा के बेटे हैं। रोहन ने 2018 में सैफ अली खान के साथ 'बाजार' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। रोहन का नाम पहले 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' स्टार तारा सुतारिया के साथ जोड़ा गया था। हालांकि, मई 2019 में दोनों के अलग होने की खबरें आने लगीं। 2023 में पूजा तब सुर्खियों में आईं जब कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि वह मुंबई के एक क्रिकेटर को डेट कर रही हैं और जल्द ही उनके साथ शादी के बंधन में बंधेंगी। एक्ट्रेस ने इन अफवाहों को झूठ बताते हुए खारिज कर दिया। पिछले महीने पूजा मिस वर्ल्ड 2024 के ग्रैंड फिनाले में जजों में से एक थीं। पपाराज़ी के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि लाइफ सर्कल पूरा हो गया है क्योंकि मैं कॉम्पटिशन में रनर अप रही थी, लेकिन आज मैं इसे जज कर रही हूं। वर्कफ्रंट पर, पूजा को आखिरी बार सलमान खान के साथ 'किसी का भाई किसी की जान' में देखा गया था।



# मोहिना कुमारी के घर गूंजी नन्हीं शहजादी की किलकारी



**मुंबई।** टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता फेम मोहिना कुमारी सिंह के घर हाल ही खुशियों ने दस्तक दी है। मोहिना कुमारी का घर आखिरकार किलकारियां गूंज उठी है। एक्ट्रेस ने एक प्यारी सी बेटी को जन्म दिया। बता दें कि अभी तक खुद मोहिना ने सोशल मीडिया के जरिए ये जानकारी अपने फैंस को नहीं दी है। इस बारे में हालांकि अभी और जानकारी सामने नहीं आ पाई है हालांकि उनके फैन पेज ने मोहिना के दूसरी बार मां बनने की खबरों को लेकर कई पोस्ट किए हैं। देखना होगा कि अदाकारा के परिवार से ये न्यूज कब तक कंफर्म हो पाती है। मोहिना ने 14 अक्टूबर 2019 को उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री व आध्यात्मिक गुरु सतपाल महाराज के छोटे बेटे सुयश रावत के साथ शादी रचाई थी। उस समय इस शाही शादी की चर्चा पूरे देश में हुई थी। शादी के करीब ढाई साल बाद कपल ने 15 अप्रैल 2022 एक प्यारे से बेटे का स्वागत किया, जिसका नाम उन्होंने रेयांश रखा है। वहीं अब कपल दूसरी बार पेरेंट्स बना। फिलहाल हमें एक्ट्रेस की बेटी की तस्वीर का इंतजार है। हम मोहिना और सुयश रावत को बच्चे को ढेर सारी बधाई देते हैं।

# 2025 में आएगा फर्जी का सीक्वल



**मुंबई।** शाहिद कपूर ने 'फर्जी' से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर खूब धूम मचाई। इस सीरीज को काफी पसंद किया गया। वहीं फैंस इस सीरीज़ के सीक्वल का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। इस बीच 'फर्जी 2' की रिलीज को लेकर नया अपडेट सामने आया हैं। इसमें बताया गया कि फर्जी 2 अगले साल की शुरुआत में शुरू होगी। वहीं शाहिद कपूर ने एक इंटरव्यू में फर्जी के सीक्वल को लेकर कहा था, तो निश्चित रूप से फ़र्ज़ी का दूसरा सीज़न आएगा। जिस तरह से इस सीरीज़ का पहला पार्ट खत्म हुआ था वह काफी अच्छा था। इसलिए बहुत कुछ होने की संभावना है। हालांकि मैंने अभी तक ओटीटी के लिए किसी भी चीज़ के लिए हां नहीं कहा है, लेकिन फर्जी 2 ज़रूर बनेगी। बता दें फर्जी वेब सीरीज में विजय सेतुपति एक पुलिसकर्मी की भूमिका में नजर आए थे, जबकि शाहिद कपूर ने एक चोर की भूमिका निभाई थी, जिसने सभी को चौंका दिया था। इस सीरीज में शाहिद कपूर और विजय सेतुपति के अलावा केके मेनन, राशि खन्ना और भुवन अरोड़ा भी नजर आए थे।




# टॉक्सिक में नजर आएंगी करीना और कियारा

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार यश इन दिनों अपकमिंग मूवी 'टॉक्सिक' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का प्री-प्रोडक्शन का काम जारी है। अब कास्टिंग को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि फिल्म में एक नहीं, बल्कि तीन-तीन हसीनाएं होंगी, जिनमें से दो का नाम भी फाइनल हो गया है। ये दो हसीनाएं बॉलीवुड से चुनी गई हैं। इनका नाम करीना कपूर खान और कियारा आडवाणी बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, टॉक्सिक में तीन-तीन लीडिंग एक्ट्रेसेस होंगी। बोर्ड में करीना कपूर खान और कियारा आडवाणी को शामिल कर लिया गया है। मेकर्स जल्द ही इसको लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट भी करने वाले हैं। सूत्र ने ये भी खुलासा किया है कि करीना फिल्म में यश की बहन का रोल करने वाली हैं। अगर ऐसा होता है तो करीना इस फिल्म से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करेंगी। बताया जा रहा है कि ये फिल्म ड्रग कार्टेल पर बेस्ड है, जो गोवा में समंदर के किनारे धड़ल्ले से चल रहा है। हाल ही में फिल्म के सेट से एक फोटो और वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें यश डायरेक्टर के साथ शूटिंग और लोकेशन को लेकर प्लानिंग बना रहे थे। इस फिल्म को रिलीज होने में अभी काफी वक्त है। कहा जा रहा है कि ये अगले साल 2025 में रिलीज हो सकती है।

## सलीम ने कर दी थी संजीव की तारीफ, खफा हो गए थे राजेश, बंद कर दी बातचीत

# संजीव कुमार के कारण आ गई थी सलीम खान और राजेश खन्ना की दोस्ती में खटास

**मुंबई।** हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार राजेश खन्ना के रुतबे और रौब की कई कहानियां सुनने को मिल जाती हैं। फैंस के दिलों पर राज करने वाले राजेश खन्ना किसी के आगे झुकने वालों में से नहीं थे। कई बार काका का ये रवैया उनके रिश्तों के बीच भी आया। ऐसा ही एक किस्सा राजेश खन्ना का सलीम खान से जुड़ा हुआ है, जब संजीव कुमार की तारीफ करने पर वो नाराज हो गए थे। राजेश खन्ना और सलीम खान के बीच गहरी दोस्ती रही थी।



### कैसे शुरू हुआ किस्सा

राजेश खन्ना और सलीम खान की दोस्ती में खटास तब आ गई थी, जब एक मैग्जीन में संजीव कुमार का आर्टिकल छपा और उसमें सलीम खान का जिक्र था। रिपोर्ट के अनुसार, एक बार राजेश खन्ना बांद्रा के महबूब स्टूडियो में अपनी किसी फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। इस दौरान उनके हाथ एक मैग्जीन लगी, जिसने संजीव कुमार पर कवर स्टोरी की थी, इसमें सलीम जावेद ने उनकी तारीफ की थी और उन्हें एक मंझा हुआ कलाकार बताया था।

### सलीम को भेजा बुलावा

राजेश खन्ना ने मैग्जीन पढ़ते ही अपने ड्राइवर से सलीम खान को लेकर आने के लिए कहा। उनका घर महबूब स्टूडियो के पास ही था। ड्राइवर उन्हें लेने पहुंचा और कहा कि काका ने आपको बुलाया है। इस पर सलीम खान ने कहा कि ठीक है मैं तैयार होकर आता हूं, लेकिन ड्राइवर ने जोर देते हुए कहा कि अभी चलना होगा काका ने तुरंत बुलाया है।



### सलीम से रूठे काका

राजेश खन्ना ने सलीम जावेद से पूछा तो आपको लगता है कि संजीव कुमार एक अच्छे अभिनेता हैं? जवाब देते हुए सलीम खान ने कहा-हां, बिल्कुल। अगर कोई मैग्जीन आप पर कवर स्टोरी करेगा, तो मैं आपकी भी तारीफ करूंगा। इतना सुनते ही राजेश खन्ना उठे और वहां से चले गए। इसके बाद 6 महीनों तक उन्होंने सलीम खान से कोई बात नहीं की और राब्ता खत्म कर दिया।

## खबर संक्षेप



### जिला स्तरीय कार्यवाहक समिति की बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तर पर संचालित घरौंदा के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालन की बैठक बुधवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई। बैठक में जिला स्तर पर 10 अधिकारियों को परीक्षण के लिए नियुक्त करने, समिति की नियमित बैठक करने के साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण तथा चिकित्सा की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक में अंतवासियों के माता-पिता से संस्था के बारे में चर्चा की गई। इसमें सभी ने संस्था के संबंध में संतोष व्यक्त किया। घरौंदा आवासीय परिसर की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए गए।

### चैत्र नवरात्रि पर मैहर दर्शनार्थियों के लिए एक्सप्रेस ट्रेन के अस्थायी ठहराव की सुविधा

**बिश्रामपुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मध्य प्रदेश के मैहर में चैत्र नवरात्रि मेला का आयोजन 9 से 23 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। इस मेले में जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा दुर्ग-नैतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस गाड़ी का मैहर स्टेशन में अस्थायी ठहराव की सुविधा प्रदान की जा रही है ।

### पीजी कॉलेज में मनाया गया विश्व ऑटिज्म दिवस




**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.तृप्ति विश्वास एवं प्राध्यापक श्रीमती ज्योति लकड़ा के मार्गदर्शन में 2 अप्रैल को विश्व ऑटिज्म दिवस मनाया गया। आमंत्रित वक्ता विषय विशेषज्ञ नर्सिंग ऑफिसर मनोज कुमार बिसेन रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में ऑटिज्म क्या है लक्षण प्रभाव एवं निदान को विस्तार से बताते हुए इसके उपचार पर प्रभावशाली व्याख्यान दिया तथा ऑटिज्म की स्पष्ट स्थिति का आंकलन करने के लिए निर्मित यंत्र के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विभागाध्यक्ष डॉ.जर्मिना तिर्की, डॉ.संगीता पाण्डेय, जनभागीदारी शिक्षक शुभम पोद्दार, छात्रा सौम्या सिंह, माधुरी सिंह की शंकाओं का समाधान किया। मनोज कुमार बिसेन ने प्रायोगिक तौर पर लाफ्टर थेरेपी कराया। कार्यक्रम का संचालन चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा मुस्कान ठाकुर ने किया। आभार ज्ञापन छात्र अभिषेक गुप्ता ने किया। इस दौरान डॉ.आभा जायसवाल, डॉ.रश्मि इंगोले, सुश्री सोहनी सिंह, अल्पना भारती आदि उपस्थित थे।

### बस्तामुक्त विद्यालय में किया गया परीक्षा उत्सव कार्यक्रम



**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में परीक्षा उत्सव कार्यक्रम शैक्षिक समन्वयक विजेंद्र लाल जायसवाल व घरभरन सिंह प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक शाला रुनियाडीह की उपस्थिति में आयोजित किया गया। संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा उत्सव कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के मन को परीक्षा के भय से मुक्तकर परीक्षा के लिए तैयार करना, आनंददायी वातावरण में परीक्षा देना, नैसर्गिक व स्वतंत्र प्रदर्शन हेतु प्रेरित करना है। प्रथम दिवस परीक्षा पूर्व कक्षा छठवीं तथा सातवीं के सभी 56 बच्चों को दो पेन-पेन्सिल, रबर-कटर प्रदान कर हौसला अफजाई किया गया। परीक्षा समाप्ति पर सभी बच्चों को परीक्षा पर चर्चा ऑन लाइन प्राप्त सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षक रिजवान अंसारी, एम. टोप्पो, फूलमेत राजवाड़े, सुमित्रा राजवाड़े व नान दईया उपस्थित थे।

### पान ठेला संचालक ने की ऑटो चालक से मारपीट

**अम्बिकापुर।** मिशन चौक समीप निवासी ऑटो चालक संतोष ताम्रकार आ. गोपाल ताम्रकार आज दोपहर ऑटो लेकर प्रतापपुर नाका के समीप शिवनाथ विश्वकर्मा के पान ठेला के सामने खड़ा कर यात्रियों का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान पान ठेला के सामने ऑटो खड़ा करने पर शिवनाथ ने मना किया जिससे दोनों के बीच विवाद होने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि शिव नाथ ने ऑटो चालक की जमकर पिटाई कर दी। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों बीच बचाव कर मामला शांत कराया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

## पेज 1 का शेष

### मेडिकल कॉलेज के...

गई होती। श्री चौधरी ने कहा कि प्रदेश के विकास में व्यापारी बंधुओं का सहयोग बहुत मायने रखता है। इस दौरान व्यापारीजन ने अन्य कई विषयों पर भी खुलकर चर्चा की। इस मौके पर छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज निर्वाचित कोरिया, एमसीबी के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जैन, प्रदेशमंत्री संजीव ताम्रकर, राकेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, विनय अग्रवाल, प्रदीप जैन, मनोहर लाल खोडियार, गणेश सराफ, अरुण ताम्रकर, सुमित अग्रवाल, रितेश जैन, विवेक जायसवाल, सुधांशु श्रीवास्तव, जयंती यादव सहित काफी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## निर्वाचन प्रक्रिया में तकनीक का उपयोग करें मतदाता

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदाता का जागरुक होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लगातार निर्वाचन से संबंधित कार्य, अभ्यर्थियों के लिए नियम प्रक्रिया, मतदाताओं की समस्या के समाधान के लिए अलग-अलग समय पर नई-नई तकनीकी का उपयोग करने से निर्वाचन से संबंधित कार्य आसान हुआ है तो कई समस्याओं का समाधान भी त्वरित गति से हुआ है। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जितना मतदान जरूरी है, उतना ही हर मतदाता को जागरूक होना भी आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा अलग-अलग कार्यों के लिए मोबाइल एप्स का निर्माण किया गया है, ताकि मतदाताओं व आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण कार्यालय में जाने के बजाय मोबाइल में ही एप्स डाउनलोड कर की जा सकती है।




### सुविधा कैंडिडेट एप

इस एप के माध्यम से निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी को अपना नामांकन पत्र एवं शपथ पत्र ऑनलाइन भरने की सुविधा मिलती है। ऑनलाइन आवेदन के बाद स्लॉट बुक कर निर्धारित तिथि में भौतिक सत्यापन एवं निर्धारित शुल्क का भुगतान किया जा सकता है। इतना ही नहीं प्रत्याशी को रैली, सभा आदि की अनुमति के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी इस एप में है।

### वोटर हेल्पलाइन एप

वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र, एपिक नंबर डालकर बहुत ही आसानी से अपने विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं। यदि एपिक नंबर नहीं मालूम है तो मतदाता अपना विवरण जैसे कि नाम, रिश्तेदार का नाम, उम्र, लिंग एवं निर्वाचन क्षेत्र की जानकारी भरकर अपना नाम मतदाता सूची में खोज सकते हैं। यदि मतदाता का मोबाइल नंबर मतदाता सूची में पंजीकृत है तो मतदाता अपना ई-एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड न होने की स्थिति में आवश्यक सुधार के लिए आवेदन कर ई-एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। इस एप के जरिए मतदाता अपना नाम जोड़ने, विलोपन, स्थानांतरण या संशोधन के लिए आवेदन भी कर सकते हैं। वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र सहित किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके माध्यम से प्रत्याशी द्वारा नामांकन के दौरान प्रस्तुत शपथ पत्र भी देखा जा सकता है, इसके जरिए मतगणना दिवस को परिणाम की अधिकृत जानकारी भी देखी जा सकती है।

### सी-विजिल एप

इस एप के जरिए आम नागरिक निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की तस्वीर और वीडियो को सीधे निर्वाचन आयोग को भेज सकता है। निर्वाचन के दौरान अगर किसी भी नागरिक को यह दिखता है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है तो वह इस एप पर अपनी शिकायत भेज सकता है। शिकायतकर्ता फोन पर सी-विजिल एप्लीकेशन डाउनलोड कर सीधे घटना की फोटो, वीडियो या आडियो अपलोड कर सकते हैं। मतदाता को रिझाने के लिए रूपए अथवा उपहार वितरण, भड़काऊ भाषण देने, बिना अनुमति बैनर-पोस्टर लगाने, मदिरा वितरण, बिना अनुमति सभाएं करने, अनाधिकृत सामग्री परिवहन, प्रचार के समय की समाप्ति के बाद सभा, मतदान केन्द्र के 200 मीटर के अंदर प्रचार जैसे मामलों की शिकायत इस एप के माध्यम से की जा सकती है।

### सक्षम मोबाइल एप

इस एप के जरिए दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान करने का प्रयास किया गया है। आयोग ने सक्षम एप के रूप में दिव्यांगों के लिए एक वन स्टॉप साधन विकसित किया है। दिव्यांग मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं का फायदा उठा सकते हैं। इस एप को गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। एप को उपयोगकर्ताओं के अनुकूल बनाने के लिए डिजाइन, ले-आउट, इंटरफेस और सुविधाओं को बेहतर रूप दिया गया है। इसमें स्क्रीन रीडर, टेक्स्ट टू स्पीच सेवा, दृश्यता संवर्धन, रंग समायोजन जैसी सुविधाएं भी हैं। एप को दो-तरफा इंटरैक्टिव प्लेटफॉर्म के रूप में डिजाइन किया गया है। सक्षम एप के जरिए पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन पिक एंड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। साथ ही दिव्यांगजन के रूप में चिन्हित करने के लिए अनुरोध, सुधार, प्रमाणीकरण, व्हील चेयर, सहायता, अपने मतदान केन्द्र को जाने, बूथ लोकेटर, अपने उम्मीदवारों को जाने, शिकायतें दर्ज करें जैसी कई अन्य सुविधाएं भी इस एप में उपलब्ध हैं।

### वोटर टर्नआउट एप

इस मोबाइल एप का उपयोग कर मतदान के दिन आम नागरिक मतदान की जानकारी पल-प्रतिपल देख सकते हैं। इस एप के जरिए नागरिक तीनों ही चरणों में वोटर टर्न आउट की अद्यतन स्थिति जान सकते हैं। मतदान के दिन मतदान केन्द्रों के पीठासीन अधिकारी द्वारा हर दो घंटे में अपने केन्द्र पर मतदान की अद्यतन जानकारी प्रदान की जाती है।

### नो यूअर कैंडिडेट केवायसी एप

इस एप के माध्यम से मतदाता निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मतदाता अपने लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की शिक्षा, संपत्ति, आपराधिक रिकार्ड आदि की जानकारी इससे प्राप्त कर सकता है। इस एप से मतदाताओं को निर्वाचन के लिए सही प्रत्याशी का चयन करने में मदद मिलती है।

### इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम ईएसएमएस एप

राज्य के 1800 से अधिक स्थैतिक एवं उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही जब्ती सीजर की कार्यवाहियों को इस एप पर अपलोड किया जाता है। पुलिस विभाग, आयकर विभाग, जीएसटी विभाग के अधिकारी हर जब्ती को इस एप पर अद्यतन करते हैं, इससे निर्वाचन आयोग को स्थैतिक एवं उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी मिलती है।

## 21 लाख के नाली निर्माण का प्रस्ताव

- मौके पर पहुंचे अफसर, हरिभूमि खबर का असर

खबर का असर

**बैकुंठपुर।** कलेक्टर कार्यालय से कुछ ही दूरी एवं जिला न्यायालय के पीछे स्थित शासकीय आवास एवं अन्य रहवासियों को घरों के गंदा पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण गंदा पानी गलियों में जमा हो रहा है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। इस समस्या को लेकर हरिभूमि ने 3 अप्रैल के अंक में समाचार प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था।

खबर प्रकाशन के साथ ही जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए पन्ना ने इसे अपने संज्ञान में लिया और तत्काल मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान ग्राम पंचायत तलवापारा के सरपंच ,सचिव भी साथ रहे। सीईओं जनपद पंचायत बैकुंठपुर ए.पन्ना ने फिलहाल श्रमिक लगाकर सड़क पर गंदे पानी के जमाव को निकालने की पहल की। इस संबंध में जनपद सीईओ श्री पन्ना ने बताया कि ग्राम छिन्दडॉड़ के शासकीय आवास कालोनी में पानी भराव को दूर करने के लिए कच्ची नाली निकाल बनाकर वैकल्पिक व्यवस्था पानी निकालने के लिए की जा रही है। वहीं पक्की नाली निर्माण के लिए 21.37 लाख रूपए का प्राक्कलन तकनीकी स्वीकृति सहित जिला कार्यालय भेजा गया है। समस्या को देखते हुए लोकसभा निर्वाचन 2024 आदर्श आचार संहिता समाप्ति पर स्वीकृति के लिए प्रयास किया जाएगा।



मौके पर पहुंचे सीईओ।




प्रकाशित खबर।

### विधायक ने जन संपर्क कर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**सोनगरा।** सोनगरा में ग्राम वासियों से मुलाकात कर विधायक.ने कंवरपारा,सारसताल और पिपरपारा में ग्रामीणें से मुलाकात कर भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से हुए लाभान्वित से चर्चा की। .विधायक शकुंतला पोर्ते ने सोनगरा में ग्रामीणों को जागरूक करते हुए लोकसभा में अपना बहुमूल्य वोट का उपयोग करते हुए योग्य प्रत्याशी को वोट देने की बात कही। विधायक शकुंतला ने कहा कि राज्य और केंद्र दोनों जगह भाजपा की डबल इंजन की सरकार है.जो विकास के नए आयाम रोजाना गढ़ते हुए विकास की गति करने ने लगे है। उन्होंने केंद्र और राज्य में भाजपा की योजनाओं से लाभान्वित हुए लाभार्थियों से भी मुलाकात किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही लोगों की समस्याओं को जल्द निराकरण किया एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान सुखदेवपुर, चंद्रपुर, बोझा और सकलपुर में भी जनसंपर्क किया गया। कार्यक्रम में राजकुमार गुप्ता,अशोक गुप्ता, शरद चन्द्र द्विवेदी, राकेश शुक्ला, दशरथ सिंह, कृपाशंकर प्रजापति, श्याम प्रजापति, जय बहादुर सिंह, अनुराग द्विवेदी, ओम प्रकाश पैंकरा, सरपंच रामेश्वर सिंह, मारवाड़ी सिंह, समय लाल मिश्रा, अशोक प्रजापति, झरीलाल पैंकरा, सोनू देवांगन, रोशन राजवाड़े, शंभू राजवाड़े, शिवभजन सिंह कोराम, सीताराम यादव,जांलिधर राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## मतदान दिवस श्रमिकों को मिलेगी अवकाश की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र पर छग शासन श्रम विभाग के आदेश क्रमांक एफ 8-1/2015-16 दिनांक 27 मार्च 2024 के अनुसार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के पत्र क्रमांक 439 दिनॉक 16 मार्च के साथ ही भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देयशों के तहत लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेदन अवकाश की मंजूरी में उल्लेखित प्रावधान अनुसार लोक सभा निर्वाचन के लिए नियत मतदान तिथि में कारखाना अधिनियम 1948 तथा छग दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 के अंतर्गत आने वाले कारखाना संस्थाओं के स्थापनाओं में कार्यरत प्रत्येक श्रमिक कर्मचारियों को मतदान के दिन को राज्य शासन द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में सवेतन अवकाश घोषित किय गया। साथ ही कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के अनुसार पड़ोसी राज्यों में नियोजित कर्मियों को भी उनके गृह राज्य के मतदान दिवस के दिन सवेतनिक अवकाश प्रदान करने का आदेश जारी किया गया। साथ ही ऐसे कारखानों जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, यहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन दो-दो घंटे का अवकाश घोषित किए जाने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं, उसमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा दी जाएगी। मतदान की यह सुविधा समस्त कार्यरत श्रमिक या कर्मचारियों चाहे वे दैनिक वेतनभोगी, आकस्मिक श्रमिक हो उनको प्रदान की जाएगी।

## बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कराने ग्रीष्मकालीन विशेष उत्कर्ष कोचिंग की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कलेक्टर ने किया निरीक्षण, बच्चों को दिए टिप्स

जिला प्रशासन की विशेष पहल पर जिले में कक्षा 10वीं और 12वीं के बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन विशेष कोचिंग उत्कर्ष क्लासेस की शुरुआत जिले में हो चुकी है। कलेक्टर विलास भोस्कर ने मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेन्ड्राकला में संचालित कोचिंग में अध्ययनरत बच्चों से मुलाकात की व महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

उन्होंने बच्चों से कहा कि ये विशेष कक्षाएं ग्रीष्मावकाश के समय के सदुपयोग के लिए संचालित की जा रहीं हैं ताकि बोर्ड परीक्षा की तैयारी में अतिरिक्त समय मिल सके और परीक्षा परिणाम अच्छा हो। उन्होंने बच्चों को कोचिंग के महत्व के बारे में बताया और नियमित कक्षा में आकर, लगन के साथ पढ़ाई करने प्रेरित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस दौरान शिक्षकों से कक्षा में कुल दर्ज संख्या और कोचिंग में उपस्थित बच्चों की संख्या की जानकारी ली तथा कहा कि जो बच्चे कोचिंग हेतु नहीं आ रहें हैं उनके अभिभावकों से सम्पर्क कर उन्हें प्रेरित करें और कोचिंग के महत्व को बताएं। कोशिश करें कि शत-प्रतिशत बच्चे कक्षा में उपस्थित हों। बता दें आगामी शिक्षा सत्र 2024-25 के लिये अध्ययनरत कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों हेतु गणित, विज्ञान, अंग्रेजी एवं 12वीं के विद्यार्थियों हेतु गणित व जीवन विज्ञान संकाय में 1 अप्रैल से कक्षाएं शुरू हुई है जो 15 जून तक संचालित होंगी। जिले के कुल 35 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में सुबह 8 बजे से 11 बजे कक्षाएं संचालित की जा रहीं हैं। हर सप्ताह सोमवार से शुक्रवार तक संचालित होगी जिसमें सोमवार से गुरुवार तक कक्षाओं का संचालन होगा और हर शुक्रवार को साप्ताहिक मूल्यांकन होगा।



उत्कर्ष कोचिंग के निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों को टिप्स देते कलेक्टर।


## पीएमश्री स्कूल में समर कैंप का आयोजन

**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 12 व्हीटीसी कालोनी स्थित पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला में समर कैंप 2024-25 का आयोजन किया गया है।

इस कैंप में छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करना, गतिविधि आधारित शिक्षा, स्वच्छ विद्यालय परिसर, सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों के बैठने के लिए टेबल-बेंच की व्यवस्था की गई। इसी के साथ सभी बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से पढ़ाई की व्यवस्था भी किया गया है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पाठ्येउत्तर गतिविधियां एवं शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। शिक्षित, प्रशिक्षित एवं अनुभवी शाला स्टाफ खेल सामग्री भी प्रदान किया जा रहा है। शुद्ध जल, बिजली, पुस्तकालय की व्यवस्था, बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पाठ्येउत्तर गतिविधियां एवं शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन, आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक वातावरण प्रिंट रिच वातावरण प्रत्येक शनिवार को चित्रकला, नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं इस स्कूल संस्था में बच्चों को स्वादिष्ट भोजन कराया जाता है, जो राज्य सरकार का महत्वपूर्ण अंग माना जाता है।

### फर्जीवाड़ा रोकने नायब तहसीलदार को बनाएं नकल शाखा का प्रभारी, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के संयोजक कैलाश मिश्रा ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप नकलशाखा द्वारा किए जा रहे फर्जीवाड़े की रोकथाम के लिए नकल शाखा का प्रभारी नायब तहसीलदार संवर्ग के अधिकारी को बनाने तथा उन्हीं के हस्ताक्षर से नकल प्रदान करने एवं संदिग्ध प्रविष्टि की नकल न देकर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करने हेतु निर्देशित करने की मांग की है। भाजपा नेता कैलाश मिश्रा ने बताया कि विकासखण्ड लुण्ड्रा के लालमाटी एवं शहर से सटे ग्राम कांतिप्रकाशपुर, मानिकप्रकाशपुर, दरिमा सहित अन्य कई गांवों के अधिकार अभिलेख में ओवरराइटिंग की गई है तथा सफेदा लगाकर फर्जी नाम चढ़ा दिया गया है। नकल शाखा के प्रभारी लिपिक द्वारा ऐसे संदेहास्पद भूखण्डों के नकल धड़ल्ले से दिए जा रहे हैं ।




## जगन्नाथ मंदिर में धूमधाम से मनाया गया उत्कल दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

88 वां उड़ीसा राज्य गठन दिवस के अवसर पर बिश्रामपुर उत्कल समाज द्वारा जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में उत्कल गौरव दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाज के विजय महाकुल पर्सनल मैनेजर गायत्री एवं खनिज अधिकारी अजय रंजन दास उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम महाप्रभु जगन्नाथ जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इस दौरान उत्कल समाज के नन्हे बच्चों द्वारा गायन, नृत्य एवं उत्कल दिवस पर वाक्य पढ़ा गया। साथ ही महिलाओं द्वारा लोकगीत एवं भजन गायन की प्रस्तुति दी गई। इन सभी को मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ जनों क्रमशः अलका महाकुल, सुष्मिता स्वाई एवं सुजाता स्वाई द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान किया गया। इस कड़ी में निरंतर 36 वर्ष से एसईसीएलकम्पनी में अपनी सेवा दे चुके सीनियर स्टोर कीपर नित्यानंद स्वाईं का अतिथियों द्वारा शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इसके पश्चात समाज के संरक्षक अशोक स्वाईं द्वारा समाज की गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया। मंच का संचालन अध्यक्ष विशाल स्वाईं द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष द्वारा जानकारी दी गई कि उड़ीसा राज्य गठन दिवस को उत्कल गौरव दिवस के रूप में प्रति वर्ष मनाया जाता है। अब आगामी दो माह पश्चात होने वाले रथ यात्रा की तैयारी भी जल्द शुरू की जाएगी जिसके लिए कमेटी द्वारा अभी से रूपरेखा तैयार की जा रही है। आभार प्रदर्शन अनुराधा प्रधान द्वारा किया गया।

